# उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की 206वीं बैठक
## दिनांक 3 दिसम्बर, 2008

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की 206वीं बैठक परिषद अध्यक्ष श्रीयुत श्रीकृष्ण की अध्यक्षता में हुई जिसमें निम्न उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित रहे :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीयुत श्रीकृष्ण | प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन। | अध्यक्ष |
| 2 | श्री अच्छे लाल निषाद | गैर सरकारी। | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री दीपक कुमार | आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद। | सदस्य |
| 4 | सुश्री नीरजा कृष्ण | संयुक्त निदेशक, सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, सार्वजनिक उद्यम विभाग, उ.प्र. शासन | सदस्य |
| 5 | श्री एन0आर0 वर्मा | मुख्य नगर एवं ग्राम्य नियोजक, उ0प्र0। | सदस्य |
| 6 | श्री यू0 के0 गुप्ता | वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद। | सदस्य |
| 7 | श्री एस0 एन0 राम | मुख्य अभियंता, उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद। | सदस्य |

सर्वप्रथम आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद ने, निदेशक मण्डल तथा आवास एवं विकास परिषद की ओर से अध्यक्ष महोदय का स्वागत किया। इसके पश्चात परिषद बैठक सम्पन्न हुई जिसमें विभिन्न मदों पर निम्न प्रकार निर्णय लिये गये।

| मद सं0 | विषय | निर्णय |
|---|---|---|
| 206/1 | परिषद की 205वीं बैठक दिनांक 7 नवम्बर, 2008 के कार्यवृत्त की पुष्टि। | कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। |
| 206/2 | परिषद की 205वीं बैठक दिनांक 7 नवम्बर, 2008 की अनुपालन आख्या। | अनुपालन आख्या अवलोकित की गयी। |
| 206/3 | परिषद की 204वीं बैठक दिनांक 1 सितम्बर, 2008 की (Specific) अनुपालन आख्या। | अनुपालन आख्या अवलोकित की गयी। |

### भूमि अर्जन अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 206/4 | भूमि विवाद समाधान समिति की 22वीं बैठक दिनांक 12.12.2006 की संस्तुतियों को अवलोकित किए जाने के संबंध में। | परिषद की अगली बैठक में निम्न बिन्दुओं पर आख्या प्रस्तुत की जाय :–<br>(अ) समिति की कितनी बैठकें हुयी हैं और उनमें क्या निर्णय लिये गये है?<br>(ब) समिति द्वारा जो निर्णय लिये गये हैं उनके अनुपालन की स्थिति क्या है ? |

| | | |
|---|---|---|
| 206/5 | परिषद की पीलीभीत बाईपास भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना संख्या–7, बरेली के पाकेट "A" की 61.08 एकड़ भूमि के संबंध में। | अवलोकित किया गया। |

## अभियंत्रण अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 206/6 | यू0पी0आई0एल0 योजना ऐशबाग रोड, लखनऊ स्थित सामुदायिक केन्द्र के संबंध में। | राष्ट्रीय पर्व (26 जनवरी व 15 अगस्त) पर यू0पी0आई0एल0 योजना ऐशबाग रोड, लखनऊ स्थित सामुदायिक केन्द्र को निःशुल्क आवंटित किये जाने का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| 206/7 | जनपद औरैया में मा0 श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना के अन्तर्गत परिषद की योजना संख्या–1, औरैया में 2.33 एकड़ भूमि निःशुल्क दिए जाने के संबंध में। | मा0 श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना के अन्तर्गत भवन निर्माण हेतु योजना संख्या–1 औरैया में 2.33 एकड़ भूमि निःशुल्क दिये जाने का प्रस्ताव अनुमोदित। |

## प्रशासन अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 206/8 | पंचम वेतन आयोग की सिफारिशों के कम में तकनीकी सहायक, वरिष्ठ तकनीकी सहायक तथा सहायक उद्यान निरीक्षक संवर्ग के वेतन मान दि0 1.1.1996 से पुनरीक्षित किए जाने के संबंध में। | प्रस्ताव स्थगित किया गया। |
| 206/9 | परिषद में कार्यरत वाहन चालकों को 24 वर्ष की सेवा पर द्वितीय प्रोन्नत वेतनमान को पुनरीक्षित किए जाने के संबंध में। | प्रस्ताव को सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो विभाग को संदर्भित किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| 206/10 | श्री एस0एन0राम, मुख्य अभियंता, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा माननीय कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना के कार्यों में बरती गयी शिथिलता के लिए आरोप पत्र दिए जाने के संबंध में। | श्री एस0एन0राम मुख्य अभियन्ता को मा0 श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना के कार्यो में प्रगति लाने हेतु सचेत करते हुए प्रकरण समाप्त किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| 206/11 | परिषद के अधिकारियों/कर्मचारियों को सी0यू0जी0 प्लान के तहत मोबाईल फोन की सुविधा प्रदान किए जाने के संबंध में। | अन्य निगमों/सरकारी विभागों में क्या स्थिति है, का विवरण प्राप्त करने के उपरान्त आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। |

## वित्त एवं लेखा अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 206/12 | निदेशक मण्डल की लेखा परीक्षा उप समिति की बैठक दिनांक 31.10.08 का कार्यवृत्त। | अवलोकित किया गया। |
| 206/13 | परिषद कार्मिको के वेतन से सी0पी0एफ0 अभिदान हेतु मूलवेतन, महगाई वेतन एवं महगाई भत्ता जोड़कर 10 प्रतिशत की मासिक कटौती एवं इसी के समतुल्य नियोक्ता/परिषद अंशदान संचित करने के संबंध में। | परिषद कर्मिकों के वेतन से सी0पी0एफ0 अभिदान हेतु मूल वेतन, महगाई वेतन एवं महगाई भत्ता जोड़करके 10 प्रतिशत की मासिक कटौती एंव इसी समतुल्य परिषद से अंशदान संचित करने को सिद्धांतः सहमति देते हुए शासन को सदर्भित करने का निर्णय लिया गया। |

## संपत्ति प्रबंध अनुभाग

| | | |
|---|---|---|
| 206/14 | उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद द्वारा विकसित /निर्मित आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों/ भूखण्डों के आबंटन में विकलांगजनो के लिए आरक्षण तथा रियायत दिये जाने के संबंध में। | उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा विकसित/निर्मित आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों/भूखण्डों के आवंटन में विकलांगजनों के लिए आरक्षण एंव रियायत दिये जाने का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| 206/15 | माननीय श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना के नाम परिषद की योजना संख्या–8 सहारनपुर में 5.15 एकड़ भूमि सहारनपुर विकास प्राधिकरण को निःशुल्क दिये जाने के संबंध में। | जनपद सहारनपुर में मा0 श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना हेतु परिषद की योजना संख्या–8 में 5.15 एकड़ भूमि सहारनपुर विकास प्राधिकरण को निःशुल्क दिये जाने का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| 206/16 | इन्टीग्रेटेड विकास नीति के अन्तर्गत मेसर्स डी0एल0एफ0 लिमिटेड विकासकर्ता के द्वारा 25 प्रतिशत से अधिक भूमि क्रय किये जाने के पश्चात लाइसेन्स अनुमोदन किए जाने के संबंध में। | प्रस्ताव स्थगित किया गया। |
| )6/17 | इन्टीग्रेटेड आवासीय नीति के अन्तर्गत मेसर्स एलायन्स प्रमोटर्स लि0 द्वारा प्रस्तावित भूमि ग्राम हसनपुर (लोढ़ा) परगना–डासना, तहसील–हापड | उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद अधिनियम 1965 की धारा–1(3)के अन्तर्गत ग्राम हसनपुर (लोढ़ा) |

| | | |
|---|---|---|
| | जिला–गाजियाबाद (उ0प्र0) को परिषद कार्यक्षेत्र घोषित किये जाने के सम्बन्ध में। | परगना–डासना, तहसील–हापुड़, जिला–गाजियाबाद (उ0प्र0) भूमि के क्षेत्र को अधिसूचित करने की अधिसूचना सं0–2733/आठ–2–08–3 एच0बी0 (215)/08 दिनांक 12.11.2008 को स्वीकार करते हुए अग्रिम कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| 206/18 | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य विषय। | – |

05/12/08

(मिश्री लाल पासवान)
अपर आवास आयुक्त एवं सचिव

(दीपक कुमार)
आवास आयुक्त

अनुमोदित

( श्रीकृष्ण )
अध्यक्ष

पुष्टि की गयी

अध्यक्ष